**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 209 /05/कम्प्यूटर अनुभाग(बारह)/2025/01-परीक्षा/2025**

लखनऊ : दिनांक : 18 नवम्बर, 2025

## आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2025, प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (Preliminary Eligibility Test-PET)-2025 की लिखित परीक्षा दिनांक 06.09.2025 एवं 07.09.2025 को प्रदेश के 48 जनपदों के 1479 परीक्षा केन्द्रों पर चार पालियों (प्रति दिवस दो पाली) में आयोजित की गयी थी। तदुपरांत आयोग की आवश्यक सूचना दिनांक 09.09.2025 द्वारा उक्त लिखित परीक्षा की Provisional उत्तर कुंजी अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई थी एवं आवश्यक सूचना दिनांक 11.09.2025 द्वारा उक्त लिखित परीक्षा की Provisional उत्तर कुंजी पर आपत्ति (यदि कोई हो) दर्ज कराये जाने हेतु लिंक आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया था।

उपरोक्तानुसार दिनांक 09-09-2025 को अपलोड की गयी उत्तर कुंजी के सापेक्ष प्राप्त आपत्तियों के निराकरण के फलस्वरूप प्रश्नगत विज्ञापन की लिखित परीक्षा के मास्टर सेट की तिथि व पालीवार संशोधित उत्तर कुंजी (विवरणात्मक) अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ यथावत आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दी गई है।

संलग्नक- यथोपरि।

18.11.2025
परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।

# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ
## विज्ञापन संख्या–01–परीक्षा/2025
## प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2025
## संशोधित उत्तर कुंजी (मास्टर सेट)

| परीक्षा तिथि : 07-09-2025 | पाली : प्रथम |
|---|---|

| | |
|---|---|
| 1. | 'दाता' पुल्लिंग शब्द है, उसका स्त्रीलिंग रूप _____ है ।<br>**दात्री** |
| 2. | 'ठण्डा पानी पीना चाहिए ।' यह वाक्य _________ विशेषण का उदाहरण है ।<br>**गुणवाचक** |
| 3. | 'उपाय' का विलोम शब्द ______ है ।<br>**निरुपाय** |
| 4. | 'साहित्य और जीवन का घोर संबंध है ।' यह एक अशुद्ध वाक्य है, निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य को चुनकर लिखिए ।<br>**साहित्य और जीवन का घनिष्ठ संबंध है ।** |
| 5. | 'अंक में भरना' एक मुहावरा है, इसका सही अर्थ है<br>**गले लगाना** |
| | निर्देश (प्र. सं. 6 – 10) : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।<br>भारतीय साहित्य के क्षेत्र में सर्वप्रथम सैद्धान्तिक आलोचना का विकास हुआ जिसे 'काव्य-शास्त्र' या 'अलंकार-शास्त्र' के नाम से पुकारा जाता रहा है । उपलब्ध ग्रंथों में प्राचीनतम रचना भरतमुनि द्वारा रचित 'नाट्य-शास्त्र' है जिसमें साहित्य के मानदण्ड के रूप में 'रस-सिद्धान्त' की प्रतिष्ठा की गई है । साहित्य का मूल तत्व भाव है; रस-सिद्धान्त की भाव और भावनाओं के उद्वेलन की प्रक्रिया का स्पष्टीकरण करता हुआ साहित्य की विषय-वस्तु का वर्गीकरण एवं विश्लेषण प्रस्तुत करता है । काव्य में भाव तत्व को सर्वाधिक महत्व प्रदान करके रस-सिद्धान्त के आचार्यों ने एक उचित दिशा में काव्य-शास्त्र को आगे बढाया । भारत के परवर्ती आचार्यों में से अनेक ने रस-सिद्धान्त के विभिन्न अस्पष्ट स्थलों की विस्तृत व्याख्या की, विशेषत: रस-निष्पत्ति की समस्या को लेकर भट्ट लोल्लट, शंकुक, भट्टनायक, अभिनव गुप्त, पंडितराज जगन्नाथ आदि ने अपने-अपने स्वतंत्र मत की प्रतिष्ठा की । आगे चलकर भामह, उद्भट, दण्डी आदि आचार्यों ने रस के स्थान पर काव्य की आत्मा के रूप में 'अलंकार' की प्रतिष्ठा की । अलंकार के सम्बन्ध में उनकी धारणाएँ बहुत व्यापक थीं, |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| | वे उसे 'सौन्दर्य' के पर्यायवाची के रूप में ग्रहण करते थे । परवर्ती युग में वामन के द्वारा 'रीति–सम्प्रदाय' की, कुंतक के द्वारा 'वक्रोक्ति सम्प्रदाय' की तथा आनन्द वर्द्धनाचार्य द्वारा 'ध्वनि सम्प्रदाय' की प्रतिष्ठा हुई, जिन्होंने क्रमशः रीति, वक्रोक्ति एवं ध्वनि को काव्य की आत्मा के रूप में स्वीकार किया । क्षेमेन्द्र ने इन सभी के उचित प्रयोग को महत्वपूर्ण मानते हुए 'औचित्य सम्प्रदाय' की स्थापना की । मम्मट, विश्वनाथ, पंडितराज जगन्नाथ आदि व्याख्याताओं ने क्षेमेन्द्र के दृष्टिकोण को अपनाते हुए अपने काव्य–शास्त्रीय ग्रंथों में रस, अलंकार, रीति, ध्वनि, वक्रोक्ति आदि सभी का विवेचन किया है । |
| 6. | उपलब्ध ग्रंथों में प्राचीनतम रचना भरतमुनि द्वारा रचित 'नाट्य–शास्त्र' है जिसमें साहित्य के मानदण्ड के रूप में किसकी प्रतिष्ठा की गई है ?<br>**रस–सिद्धांत** |
| 7. | भारत के परवर्ती आचार्यों ने विशेषत: ________ की समस्या को लेकर भट्ट लोल्लट, शंकुक, भट्टनायक, अभिनव गुप्त, पंडितराज जगन्नाथ आदि ने अपने–अपने स्वतंत्र मत की प्रतिष्ठा की ।<br>**रस–निष्पत्ति** |
| 8. | भामह, उद्भट, दण्डी आदि आचार्यों ने रस के स्थान पर काव्य की आत्मा के रूप में किसकी प्रतिष्ठा की ?<br>**अलंकार** |
| 9. | परवर्ती युग में वामन द्वारा 'रीति–संप्रदाय' की, कुंतक के द्वारा 'वक्रोक्ति संप्रदाय' की तथा आनंद वर्द्धनाचार्य द्वारा किस संप्रदाय की प्रतिष्ठा हुई ?<br>**ध्वनि** |
| 10. | किसने औचित्य संप्रदाय की स्थापना की ?<br>**क्षेमेंद्र** |
| | **निर्देश (प्र. सं. 11 – 15) :** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।<br>प्रभावती सन् 1936 में प्रकाशित मौलिक ऐतिहासिक उपन्यास है । कथानक महाराज जयचन्द के समय का है । कान्यकुब्जेश्वर जयचन्द की रियासत दलमऊ की राजकुमारी प्रभावती का शिकार खेलते हुए लप्लगढ़ के युवराज देव से परिचय हुआ । दोनों में अत्यधिक लगाव उत्पन्न हो गया । प्रभावती दलमऊ के शासक महेश्वर सिंह की कन्या है । रूप सुन्दरी है । वह जानती है कि उसके पिता उसका विवाह बलवन्त से करना चाहते हैं । किन्तु एक वीर नारी की तरह वह स्वयं ही राजकुमार से गन्धर्व विवाह करती है । किसी बात का भय न रखते हुए वह यमुना के साथ जंगल–जंगल घूमती है और कुमार देव के अनुकूल वातावरण बनाने का प्रयत्न करती है । उपन्यासकार ने इसे सबला चित्रित किया है । संयोगिता को स्वयंवर के अवसर पर सशस्त्र सहायता देती है । जिसमें घायल होकर मृत्यु को प्राप्त होती है ।<br>प्रस्तुत उपन्यास में नारी पात्र पुरुषों से अधिक सबल और बुद्धिमान है । प्रभावती यमुना, सिंधु और संयोगिता पुरुष–पात्रों की अपेक्षा परिस्थिति का सामना दृढ़ता एवं वीरता से करती है । साथ ही वे नारी सुलभ गुणों लज्जा, उदारता, त्याग आदि से विभूषित हैं । प्रभावती की नायिका होने पर भी उसकी तुलना में यमुना का चरित्र अधिक प्रभावशाली है । |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| | यमुना का व्यक्तित्व सभी के लिए अनुकरणीय है । सेनापति वीरसिंह से उसका प्रेम था किंतु उनका विवाह न हो सका । नारी पात्रों में सिन्धु भी अपना एक विशेष स्थान रखती है । उसे प्रभावती और यमुना के नारी अपार सहानुभूति है । अपने नृत्य गायन से महेन्द्रपाल का मुक्त करवाती है । उसे राजराजेश्वरी से सम्बोधित किया गया है । |
| 11. | 'प्रभावती' किसकी बेटी है ?<br>**महेश्वर सिंह** |
| 12. | प्रभावती एक वीर नारी की तरह राजकुमार के साथ _______ विवाह करती है ।<br>**गंधर्व** |
| 13. | प्रभावती किसके स्वयंवर के अवसर पर सशस्त्र सहायता देती है ?<br>**संयोगिता** |
| 14. | इस उपन्यास में प्रभावती की नायिका होने पर भी उसकी तुलना में किसका चरित्र अधिक प्रभावशाली है ?<br>**यमुना** |
| 15. | यमुना किससे प्रेम करती है ?<br>**वीरसिंह** |
| 16. | दक्षिण एशिया में पहली नगरीय सभ्यता कौन-सी थी ?<br>**हड़प्पा सभ्यता**<br>Which was the first urban civilization in South Asia ?<br>**Harappan Civilization** |
| 17. | ऋग्वेद कितने भजनों का संग्रह है ?<br>**1,028 भजन**<br>The Rig Veda is a collection of how many hymns ?<br>**1,028 hymns** |
| 18. | बुद्ध ने दुःख से मुक्ति पर अपना पहला उपदेश कहाँ दिया था ?<br>**सारनाथ**<br>Where did the Buddha deliver his first sermon on deliverance from suffering ?<br>**Sarnath** |
| 19. | जैन धर्म में 24वें और अंतिम तीर्थंकर किसे माना जाता है ?<br>**वर्धमान महावीर**<br>Who is regarded as the 24th and last Tirthankara in Jainism ?<br>**Vardhamana Mahavira** |


परीक्षा नियंत्रक
उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 20. | मौर्य वंश का संस्थापक कौन था ?<br>**चंद्रगुप्त मौर्य**<br>Who was the founder of the Mauryan dynasty ?<br>**Chandragupta Maurya** |
| 21. | भारत के किस राज्य पर डलहौजी द्वारा कब्ज़ा करना ब्रिटिश आक्रमण का सबसे अनुचित कार्य था ?<br>अवध<br>Which State of India was annexed by Dalhousie was the most unjustified act of British aggression ?<br>**Avadh** |
| 22. | स्वदेशी मूलतः एक आर्थिक आंदोलन था क्योंकि<br>**स्वदेशी उद्योगों को प्रोत्साहन देने का प्रयास**<br>Swadeshi was essentially an economic movement because<br>**Intended to give impetus to indigenous industries** |
| 23. | भारत में थियोसोफिकल सोसायटी का नेता कौन था ?<br>**एनी बेसेंट**<br>Who was the leader of the Theosophical Society in India ?<br>**Annie Besant** |
| 24. | भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में किस दिन को "प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस" के रूप में मनाया गया ?<br>**16 अगस्त, 1946**<br>Which day was observed as "Direct Action Day" in the Indian Freedom Movement ?<br>**August 16, 1946** |
| 25. | शिमला सम्मेलन किस वर्ष आयोजित किया गया था ?<br>**1945**<br>Simla conference was convened in the year<br>**1945** |
| 26. | भूमिगत चट्टान परतों के लिए प्रयुक्त शब्द क्या है जो भूजल का भंडारण और संचरण करती हैं ?<br>जलभृत<br>What is the term used for underground layers of rock that store and transmit groundwater ?<br>**Aquifer** |
| 27. | रेगिस्तान में जानवर पानी का संरक्षण कैसे करते हैं ?<br>**रात्रिचर होना और गाढ़ा मूत्र विसर्जन करना**<br>How do animals in deserts conserve water ?<br>**Being nocturnal and excreting concentrated urine** |


परीक्षा नियंत्रक उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ

| | |
|---|---|
| 28. | मोनाज़ाइट रेत में कौन-सा खनिज पाया जाता है ?<br>**थोरियम**<br>Which mineral is found in monazite sands ?<br>**Thorium** |
| 29. | निम्नलिखित में से कौन भारतीय मानसून को प्रभावित करता है ?<br>**उपर्युक्त सभी**<br>Which of the following affects Indian monsoon ?<br>**All of the above** |
| 30. | जिस देश की जनसंख्या पिरामिड में व्यापक आधार होता है, वहाँ संभवतः होता है<br>**उच्च जन्म दर**<br>A country with a wide base in its population pyramid likely has<br>**High birth rate** |
| 31. | राष्ट्रीय कृषि नीति संसद में ____ को प्रस्तुत की गई थी ।<br>**28 जुलाई, 2000**<br>The National Agricultural Policy was presented in the Parliament on<br>**July 28, 2000** |
| 32. | निजी संपत्ति को सभी सामाजिक और आर्थिक बुराइयों का कारण किसने माना ?<br>**मार्क्स और एंगेल्स**<br>Who considered private property to be the cause of all social and economic evils ?<br>**Marx and Engels** |
| 33. | जल बीज-उर्वरक प्रौद्योगिकी ________ लोकप्रिय नाम से जाना जाता है ।<br>**हरित क्रांति**<br>Water Seed-Fertilizer technology is popularly known as<br>**Green Revolution** |
| 34. | बैंक ऑफ हिंदुस्तान नामक भारत का पहला बैंक कब स्थापित किया गया था ?<br>**1770**<br>The first bank of India called the Bank of Hindoostan was established in<br>**1770** |
| 35. | UNCTAD का विस्तार करें ।<br>**युनैटेड नेशन्स काँफरेंस ऑन ट्रेड एण्ड डेवलपमेंट**<br>Expand UNCTAD.<br>**United Nations Conference on Trade and Development** |


परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 36. | भारत के संविधान का भाग – I ________ है ।<br>**संघ और उसका क्षेत्र**<br>Part – I of Constitution of India is<br>**Union and its Territory** |
| 37. | संविधान के अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि भारत के पूरे क्षेत्र में राज्य नागरिकों के लिए ________ सुरक्षित करने का प्रयास करेगा ।<br>**समान नागरिक संहिता**<br>Article 44 of the Constitution states that the State shall endeavour to secure the citizen a ________ throughout the territory of India.<br>**Uniform Civil Code** |
| 38. | भारतीय स्वतंत्रता के पश्चात सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरुआत ________ में हुई ।<br>**1952**<br>After Indian independence, Community Development Programme was started in<br>**1952** |
| 39. | भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 और 24 के माध्यम से नागरिकों को ________ की गारंटी दी गई है ।<br>**शोषण के खिलाफ अधिकार**<br>The citizens have been guaranteed the ________ through Articles 23 and 24 of the Constitution of India.<br>**Right against Exploitation** |
| 40. | भारतीय संविधान के अनुच्छेद 170 में कहा गया है कि राज्य विधान सभा में अधिकतम ________ सदस्य और न्यूनतम 60 सदस्य हो सकते हैं ।<br>**500**<br>Article 170 of the Indian Constitution states that State Legislative Assembly can have maximum ________ members and minimum 60 members.<br>**500** |
| 41. | एक तांबे के तार का प्रतिरोध $2 \times 10^{-2}$ ओम है । यदि इसकी लंबाई 2 मीटर है और इसका अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल $1.7 \times 10^{-6}\ m^2$ है, तो तांबे की प्रतिरोधकता क्या है ?<br>**$1.7 \times 10^{-8}$ ओम–मीटर**<br>A copper wire has a resistance of $2 \times 10^{-2}$ ohms. If its length is 2 m and its area of cross-section is $1.7 \times 10^{-6}\ m^2$, what is the resistivity of copper ?<br>**$1.7 \times 10^{-8}$ ohm-meter** |


परीक्षा नियंत्रक उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ

| | |
|---|---|
| 42. | 1 वाट बराबर है<br><br>$\frac{1\ \text{जूल}}{1\ \text{सेकंड}}$<br><br>1 Watt is equal to<br><br>$\frac{\textbf{1 joule}}{\textbf{1 second}}$ |
| 43. | जब प्राकृतिक गैस (मीथेन) हवा में ऑक्सीजन के साथ जलती है, तो क्या उत्पाद बनते हैं ?<br>**कार्बन डाइऑक्साइड और जल वाष्प**<br><br>When natural gas (methane) burns in the oxygen of air, what are the products formed ?<br>**Carbon dioxide and water vapour** |
| 44. | जब किसी अम्ल को जल में घोला जाता है, तो उसमें उपस्थित हाइड्रोजन किस रूप में अलग हो जाता है ?<br>**धनात्मक रूप से आवेशित हाइड्रोजन आयन ($H^+$)**<br><br>When an acid is dissolved in water, the hydrogen present in it separates out as<br>**Positively charged hydrogen ions ($H^+$)** |
| 45. | जब भ्रूण गर्भाशय के अंदर बढ़ रहा होता है, तो उसे पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है । कौन-सा भाग ये पोषक तत्व प्रदान करता है ?<br>**प्लेसेंटा**<br><br>When the foetus is growing inside the uterus it needs nutrients. Which part provides these nutrients ?<br>**Placenta** |
| 46. | 20 मिनट एक घंटे का कितना प्रतिशत है ?<br><br>$33\frac{1}{3}\%$<br><br>20 minutes is what percent of an hour ?<br><br>$33\frac{1}{3}\%$ |
| 47. | 4 अंकों की सबसे छोटी संख्या जो 9 से पूर्णतः विभाज्य है, वह है<br>**1008**<br>The least 4 digit number which is exactly divisible by 9 is<br>**1008** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 48. | यदि 3x – 14 = 4 तो x =<br>**6**<br>If 3x – 14 = 4 then x =<br>**6** |
| 49. | एक भिन्न अंश से 1 घटाने पर $\frac{1}{3}$ हो जाती है और हर में 8 जोड़ने पर $\frac{1}{4}$ हो जाती है । भिन्न क्या है ?<br>$\mathbf{\frac{5}{12}}$<br>A fraction becomes $\frac{1}{3}$ when 1 is subtracted from the numerator and it becomes $\frac{1}{4}$ when 8 is added to its denominator. The fraction is<br>$\mathbf{\frac{5}{12}}$ |
| 50. | मीना की आयु का वर्ग उसकी आयु के 8 गुना से 9 अधिक है । उसकी आयु क्या है ?<br>**9**<br>The square of Meena's age is 9 more than 8 times her age. What is her age ?<br>**9** |
| 51. | विनोद ने विशाल को अपने पिता की पत्नी के इकलौते भाई के बेटे के रूप में पेश किया । विनोद का विशाल से क्या संबंध है ?<br>**ममेरा भाई**<br>Vinod introduces, Vishal as the son of the only brother of his father's wife. How is Vinod related to Vishal ?<br>**Cousin** |
| 52. | लीप वर्ष का पहला दिन बुधवार है, तो उस वर्ष 31 दिसंबर को सप्ताह का कौन-सा दिन था ?<br>**गुरुवार**<br>First day of a leap year is Wednesday, then what day of the week was it on 31st December in that year ?<br>**Thursday** |
| 53. | N, M से अधिक बुद्धिमान है । M, Y जितना बुद्धिमान नहीं है । X, Y से अधिक बुद्धिमान है लेकिन N जितना बुद्धिमान नहीं है । सभी में सबसे अधिक बुद्धिमान कौन है ?<br>**N**<br>N is more intelligent than M. M is not as intelligent as Y. X is more intelligent than Y but not as intelligent as N. Who is the most intelligent of all ?<br>**N** |


परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 54. | निम्नलिखित में से सर्वथा भिन्न ज्ञात कीजिए ।<br>बेस्वाद<br>Find the odd one from the following.<br>**Tasteless** |
| 55. | निम्नलिखित संख्या शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को उपयुक्त विकल्प से बदलें ।<br>3, 3, 4.5, 9, 22.5, ?<br>**67.5**<br>Replace the question mark (?) in the following number series with suitable option.<br>3, 3, 4.5, 9, 22.5, ?<br>**67.5** |
| 56. | डिफेन्स रीसर्च एण्ड डेवेलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित नाग मार्क 2 किस प्रकार की मिसाइल है ?<br>**फायर–एण्ड–फॉरगेट एंटी–टैंक गाइडेड मिसाइल**<br>What type of missile is the Nag Mark 2 developed by the Defence Research and Development Organization (DRDO) ?<br>**Fire-and-Forget Anti-Tank Guided Missile** |
| 57. | यूनाइटेड किंगडम आधिकारिक तौर पर ट्रांस–पैसिफिक पार्टनरशिप के लिए व्यापक और प्रगतिशील समझौते (CPTPP) का 12 वाँ सदस्य कब बना ?<br>**15 दिसंबर, 2024**<br>When did the United Kingdom officially become the 12th member of the Comprehensive and Progressive Agreement for Trans-Pacific Partnership (CPTPP) ?<br>**December 15, 2024** |
| 58. | 55 वीं विश्व आर्थिक मंच वार्षिक बैठक, 2025 कहाँ आयोजित की गई थी ?<br>**दावोस–क्लोस्टर्स, स्विट्ज़रलैंड**<br>Where was the 55th World Economic Forum Annual Meeting, 2025 held ?<br>**Davos-Klosters, Switzerland** |
| 59. | शक्ति और ताकत के प्रतीक किस पक्षी को दिसंबर 2024 में आधिकारिक तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया था ?<br>**बाल्ड ईगल**<br>Which bird, symbolizing power and strength, was officially declared as the national bird of the United States of America in December 2024 ?<br>**Bald Eagle** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 60. | जनवरी 2025 में, पेप्सिको द्वारा भारत और दक्षिण एशिया पेय पदार्थों के लिए उपाध्यक्ष और महाप्रबंधक के रूप में किसे नियुक्त किया गया ?<br>**नितिन भंडारी**<br>In January 2025, who was appointed as the Vice President and General Manager for India and South Asia Beverages by PepsiCo ?<br>**Nitin Bhandari** |
| 61. | किस मंत्रालय ने 31 दिसंबर, 2024 को केंद्रीय भूजल बोर्ड (CGWB) द्वारा संकलित वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट 2024 जारी की ?<br>**केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय**<br>Which ministry released the Annual Groundwater Quality Report 2024, compiled by the Central Ground Water Board (CGWB), on December 31, 2024 ?<br>**Union Ministry of Jal Shakti** |
| 62. | इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) ने अंतरिक्ष में कौन-सी फ़सल सफलतापूर्वक उगाई, जो अंतरिक्ष-आधारित कृषि अनुसंधान में एक मील का पत्थर साबित हुई ?<br>**लोबिया**<br>Which crop did Indian Space Research Organisation (ISRO) successfully sprout in space, marking a milestone in space-based agricultural research ?<br>**Cowpea** |
| 63. | विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह कहाँ स्थित है ?<br>**केरल**<br>Where is the Vizhinjam International Seaport is situated ?<br>**Kerala** |
| 64. | किस देश ने ICC क्रिकेट-विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (WTC) 2025 का खिताब जीता ?<br>**दक्षिण अफ्रीका**<br>Which country won the ICC Cricket-World Test Championship (WTC) 2025 title ?<br>**South Africa** |
| 65. | विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा निवारण दिवस 2025 का विषय क्या है ?<br>**"भूमि को पुनर्स्थापित करें। अवसरों का लाभ उठाएँ।"**<br>What is the theme of World Day to Combat Desertification and Drought 2025 ?<br>**"Restore the Land. Unlock the Opportunities."** |


परीक्षा नियंत्रक
उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | | |
|---|---|---|
| 66. | धौलागिरी पर्वत शिखर किस देश में स्थित है ?<br>**नेपाल**<br>Dhaulagiri mountain peak is located in which country ?<br>**Nepal** |
| 67. | क्रोना निम्नलिखित में से किस देश की मुद्रा है ?<br>**स्वीडन**<br>Krona is a currency of which of the following country ?<br>**Sweden** |
| 68. | गढ़वाली किस राज्य का लोक नृत्य है ?<br>**उत्तराखंड**<br>Garhwali is a folk dance of which State ?<br>**Uttarakhand** |
| 69. | निम्नलिखित में से किस राज्य में द्विसदनीय विधानमंडल नहीं है ?<br>**राजस्थान**<br>Which of the following States does not have a bicameral legislature ?<br>**Rajasthan** |
| 70. | अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस कब मनाया जाता है ?<br>**23 जून**<br>The International Olympic Day is observed on<br>**June 23** |
| 71. | एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) का मुख्यालय कहाँ है ?<br>**सिंगापुर**<br>The headquarters of the Asia-Pacific Economic Cooperation (APEC) is in<br>**Singapore** |
| 72. | शालीमार बाग कहाँ स्थित है ?<br>**पूर्णांक**<br>Shalimar Bagh is located in<br>**Full mark** |
| 73. | निम्नलिखित में से कौन-सा कलाकार एक प्रसिद्ध मधुबनी चित्रकार हैं ?<br>**भारती दयाल**<br>Who among the following artist is a famous Madhubani painter ?<br>**Bharti Dayal** |


परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 74. | आधुनिक ओलंपिक खेल सबसे पहले किस शहर में आयोजित हुए थे ?<br>**एथेंस**<br><br>The modern Olympic Games were first held in which city ?<br>**Athens** |
| 75. | साहा परमाणु भौतिकी संस्थान कहाँ स्थित है ?<br>**कोलकाता**<br><br>Saha Institute of Nuclear Physics is situated in<br>**Kolkata** |
| | **निर्देश (प्र. सं. 76 – 80)** : निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें । दिया गया पाई चार्ट पाँच अलग-अलग देशों द्वारा लाँच किए गए उपग्रहों की संख्या दर्शाता है ।<br><br>**Direction (Q. No. 76 – 80)** : Study the following information carefully and answer the questions given below.<br>The given pie chart shows the number of satellites launched by five different countries.<br><br>**उपग्रहों की कुल संख्या/Total number of Satellites = 12000**<br> |
| 76. | बेल्जियम द्वारा प्रक्षेपित उपग्रहों की संख्या नॉर्वे द्वारा प्रक्षेपित उपग्रहों की संख्या का कितना प्रतिशत है ?<br>**83.33%**<br><br>The number of satellites launched by Belgium is what percent of the number of satellites launched by Norway ?<br>**83.33%** |




परीक्षा नियंत्रक उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ

| | |
|---|---|
| 77. | कनाडा द्वारा प्रक्षेपित दूरस्थ और संचार उपग्रहों की संख्या का अनुपात 3 : 2 है । कनाडा द्वारा प्रक्षेपित संचार उपग्रहों की संख्या ज्ञात कीजिए । (केवल कनाडा द्वारा प्रक्षेपित दूरस्थ और संचार उपग्रहों पर विचार करें)<br>**720**<br><br>The ratio of the number of remote and communication satellites launched by Canada is 3 : 2. Find the number of communication satellites launched by Canada. (Consider only remote and communication satellites launched by Canada)<br>**720** |
| 78. | भारत द्वारा प्रक्षेपित उपग्रहों की संख्या आयरलैंड द्वारा प्रक्षेपित उपग्रहों की संख्या से 20% अधिक है । भारत और रोमानिया द्वारा प्रक्षेपित उपग्रहों की संख्या के बीच अंतर ज्ञात कीजिए ।<br>**1680**<br><br>The number of satellites launched by India is 20% more than the number of satellites launched by Ireland. Find the difference between the number of satellites launched by India and Romania.<br>**1680** |
| 79. | आयरलैंड, बेल्जियम और नॉर्वे द्वारा प्रक्षेपित उपग्रहों की औसत संख्या ज्ञात कीजिए ।<br>**3000**<br><br>Find the average number of satellites launched by Ireland, Belgium and Norway.<br>**3000** |
| 80. | रोमानिया द्वारा प्रक्षेपित नेटवर्क और कृषि संबंधी उपग्रहों की संख्या का अनुपात 7 : 8 है । रोमानिया द्वारा प्रक्षेपित कृषि संबंधी उपग्रहों की संख्या ज्ञात कीजिए । (केवल रोमानिया द्वारा प्रक्षेपित नेटवर्क और कृषि संबंधी उपग्रहों पर विचार करें)<br>**640**<br><br>Ratio of the number of network and agriculture related satellites launched by Romania is 7 : 8. Find the number of agriculture related satellites launched by Romania. (Consider only the network and agriculture related satellites launched by Romania)<br>**640** |


परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

**निर्देश (प्र.सं. 81 – 85) :** निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और संबंधित प्रश्नों के उत्तर दें ।
निम्नलिखित रेखा-ग्राफ निम्नलिखित वर्षों के दौरान विभिन्न दुकानों द्वारा बेची गई शर्टों की कुल संख्या के बारे में डेटा का प्रतिनिधित्व करता है ।

**Direction (Q. No. 81 – 85) :** Study the following information carefully and answer the related questions.
Following line-graph represents the data regarding total number of shirts sold by different shops during the following years.




81. 2024 में दुकान A से बेची गई शर्टों की कुल संख्या का 2022 में दुकान C से बेची गई शर्टों की कुल संख्या से क्रमश: अनुपात क्या है ?

**4 : 5**

What is the respective ratio of total number of shirts sold from shop A in 2024 to the total number of shirts sold from shop C in 2022 ?

**4 : 5**

82. 2022 में सभी दी गई दुकानों से बेची गई शर्टों की कुल संख्या का औसत क्या है ?

**3200**

What is the average of total number of shirts sold from all given shops taken together in 2022 ?

**3200**

83. 2023 में दुकान B और C से बेची गई शर्टों की कुल संख्या 2025 में उन्हीं दुकानों से बेची गई शर्टों की कुल संख्या का लगभग कितना प्रतिशत है ?

**121%**

Total number of shirts sold from shop B and C taken together in 2023 are approximately what percent of total number of shirts sold from same shops taken together in 2025 ?

**121%**


परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 84. | 2022 और 2024 में दुकान B से बेची गई शर्टों की कुल संख्या और उसी समय अवधि में दुकान A से बेची गई शर्टों की कुल संख्या के बीच क्या अंतर है ?<br>**1800**<br>What is the difference between total number of shirts sold from shop B in 2022 and 2024 taken together and total number of shirts sold from shop A in same time period ?<br>**1800** |
| 85. | 2021 में सभी दी गई दुकानों से बेची गई शर्टों की कुल संख्या और 2023 में सभी दी गई दुकानों से बेची गई शर्टों की कुल संख्या का क्रमश: अनुपात क्या है ?<br>**35 : 43**<br>What is the respective ratio of total number of shirts sold from all given shops taken together in 2021 to the total number of shirts sold from all given shops taken together in 2023 ?<br>**35 : 43** |

**निर्देश (प्र. सं. 86 – 90) :** तालिका का अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें ।

कंपनी XYZ ने एक कार्यशाला आयोजित की । विभिन्न शहरों से कार्यशाला के लिए पंजीकृत लोगों की संख्या और पुरुष और महिला का अनुपात दिया गया है ।

**Direction (Q. No. 86 – 90) :** Study the table and answer the questions given below.
Company XYZ organised a workshop. Number of people and ratio of male and female register for a workshop from different cities are given.

| शहर/City | कार्यशाला के लिए पंजीकरण/Register for workshop | पुरुष और महिला का अनुपात/Ratio of male and female |
|---|---|---|
| बेंगलूरु/Bangalore | 1200 | 5 : 7 |
| दिल्ली/Delhi | 950 | 11 : 8 |
| चेन्नई/Chennai | 1800 | 3 : 6 |
| हैदराबाद/Hyderabad | 2500 | 12 : 13 |
| पटना/Patna | 700 | 4 : 3 |
| नागालैण्ड/Nagaland | 800 | 5 : 3 |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 86. | बेंगलूरु और दिल्ली से कुल महिला रजिस्टर की संख्या और पटना और नागालैण्ड से कुल पुरुष रजिस्टर की संख्या के बीच क्या अंतर है ?<br>**200**<br><br>What is the difference between the total number of female register from Bangalore and Delhi together and the total number of male register from Patna and Nagaland together ?<br>**200** |
| 87. | चेन्नई, हैदराबाद और दिल्ली से कार्यशाला के लिए पंजीकृत लोगों की औसत संख्या क्या है ?<br>**1750**<br><br>What is the average number of people register for workshop from Chennai, Hyderabad and Delhi ?<br>**1750** |
| 88. | हैदराबाद में महिला रजिस्टर और पटना में पुरुष रजिस्टर के बीच क्रमशः अनुपात क्या है ?<br>**13 : 4**<br><br>What is the respective ratio between the number of female register in Hyderabad and male register in Patna ?<br>**13 : 4** |
| 89. | बेंगलूरु से पुरुष रजिस्टर की कुल संख्या नागालैण्ड से कुल महिला रजिस्टर का लगभग कितना प्रतिशत है ?<br>**166.66%**<br><br>Total number of male register from Bangalore is approximately what percent of total female register from Nagaland ?<br>**166.66%** |
| 90. | कार्यशाला की महिला शुल्क ₹ 200 है और पुरुष शुल्क ₹ 250 है, तो चेन्नई से कंपनी ने कितनी राशि अर्जित की ?<br>**₹ 3,90,000**<br><br>For female, fees of the workshop is ₹ 200 and for male is ₹ 250. Then how much amount earned by company from Chennai ?<br>**₹ 3,90,000** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

निर्देश (प्र. सं. 91 – 95) : तालिका का अध्ययन करें और नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दें ।
तालिका 5 अलग-अलग शहरों में कुल मतदाताओं की संख्या, मतदान न करने वाले मतदाताओं का प्रतिशत और मतदान करने वाले कुल व्यक्तियों में से महिलाओं का प्रतिशत दर्शाती है ।

**Direction (Q. No. 91 – 95)** : Study the table and answer the questions given below.
The table shows total number of voters in 5 different towns, percentage of voters who do not vote and percentage of female out of total persons who have voted.

| शहर/ Town | कुल मतदाता/ Total voters | मतदान न करने वाले मतदाताओं का प्रतिशत/Percentage of voters who do not vote | कुल मतदाताओं में से महिला मतदाताओं का प्रतिशत/ Percentage of female out of total voters voted |
|---|---|---|---|
| A | 30000 | 15 | 30 |
| B | 13500 | 20 | 45 |
| C | 28000 | 18 | 40 |
| D | 16000 | 12 | 60 |
| E | 32500 | 6 | 40 |

91. शहर A, B और C से कुल कितने लोगों ने मतदान किया है ?
**59260**

What is the total number of people who have voted from town A, B and C together ?
**59260**

92. शहर B से मतदान करने वाले पुरुषों और महिलाओं का अनुपात क्या है ?
**11 : 9**

What is the ratio of male to female who have voted from town B ?
**11 : 9**


परीक्षा नियंत्रक उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ

| | |
|---|---|
| 93. | शहर E से मतदान करने वाले पुरुषों और शहर B से मतदान करने वाली महिलाओं की संख्या के बीच क्या अंतर है ?<br>**13470**<br>What is the difference between number of male from town E who have voted and female from town B who have voted ?<br>**13470** |
| 94. | शहर A, C और E से मतदान न करने वाले मतदाताओं की औसत संख्या क्या है ?<br>**3830**<br>What is the average number of voters who have not voted from town A, C and E together ?<br>**3830** |
| 95. | यदि शहर B से मतदान न करने वाले पुरुषों और महिलाओं का अनुपात 5 : 4 है, तो शहर B से कुल पुरुष मतदाताओं और कुल महिला मतदाताओं का अनुपात क्या है ?<br>**124 : 101**<br>If the ratio of male to female who do not vote is 5 : 4 from town B, then what is the ratio of total male voters and total female voters from town B ?<br>**124 : 101** |
| 96. | Choose the indirect form of the given sentence.<br>He said, " I shall do my best ".<br>**He said that he would do his best.** |
| 97. | Choose the opposite word (antonym) to the given word.<br>Victory<br>**Defeat** |
| 98. | Choose the correctly spelt word.<br>**Gracious** |
| | **Direction (Q. No. 99 and 100)** : Read the following passage and answer the questions given below it.<br>Reading is more than just a way to pass time — it is a powerful tool that opens the door to new worlds, ideas, and knowledge. People who read regularly often have stronger vocabularies, better communication skills, and a deeper understanding of the world around them.<br>Research has shown that reading fiction can improve empathy by allowing readers to experience life from different perspectives. Non-fiction books, on the other hand, help readers gain information and understand real-life issues, history, and scientific concepts.<br>In today's digital age, many people spend more time on social media than reading books. |


परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| | However, studies suggest that reading for even 15 to 30 minutes a day can significantly improve concentration, reduce stress, and boost mental well-being.<br><br>Whether it's a fantasy novel, a historical biography, or a science article, reading helps to develop the mind and broaden one's horizons. It is a lifelong habit that benefits people of all ages. |
| 99. | What is the main idea of the passage ?<br>**Reading helps improve vocabulary and knowledge** |
| 100. | According to the passage, what is one benefit of reading fiction ?<br>**It increases empathy** |

परीक्षा नियंत्रक,
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ
REVISED ANSWER